अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शनिवार, 2 अगस्त 2025

PAGE NO : 04 MIDDLE

# टेबल टेनिस: आगरा व गाजियाबाद का दबदबा

## राज्य स्तरीय रैंकिंग प्रतियोगिता शुरू, प्रतियोगिता में 25 जिलों के 450 खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मैच खेलकर प्रतियोगिता की शुरुआत करते अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : 12वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट की शुरुआत शुक्रवार को एसआरएमएस कॉलेज के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में शुरू हुई। प्रतियोगिता में पहले दिन अलग-अलग वर्गों में कई राउंड खेले गए और आगरा, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर के खिलाड़ियों क दबदबा रहा।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 25 जिलो के लगभग 450 खिलाड़ियों के बीच 650 मुकाबले खेले जाएंगे। जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कमथान ने बताया कि पहले दिन सब जूनियर बालक वर्ग अंडर 15, सब जूनियर बालिका अंडर 15, युवा बालक अंडर 19, जूनियर बालक अंडर 17, जूनियर बालिका अंडर 17 के मैच हुए। बालक और बालिका के 12 वर्ग में मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त कर चुके खिलाड़ियों ने भी भाग लिय।

इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक में देश के पहले रैकेट कंट्रोलर एवं अंतर्राष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, टूर्नामेंट के डिप्टी रेफरी पीके जैन, जूनियर नेशनल टीम के कोच पराग अग्रवाल और इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता भी पहुंचे। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के सचिव श्याम कुमार, उप प्राचार्य डॉ. ऋतु सिंह, प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डॉ. अनुज कुमार, फार्मेसी विभाग के डीन डॉ. अमित कुमार शर्मा, चीफ प्रॉक्टर डॉ. विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

### ये खिलाड़ी पहुंचे अगले राउंड में

सब-जूनियर बालक अंडर 15 वर्ग में प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आगरा के केशव खंडेलवाल ने गाजियाबाद के वंश गुप्ता, गौतमबुद्धनगर के मन्नित भट्ट ने गाजियाबाद के रुद्र मिश्रा को, गौतमबुद्धनगर के आर्यन श्रीवास्तव ने प्रयागराज के अथर्व शर्मा को, लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने इटावा के अनयराज वर्मा को और गाजियाबाद के अर्नव थापा ने लखनऊ के अर्पित को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

सब-जूनियर बालिका अंडर 15 वर्ग मे प्री क्वार्टर फाइनल मे लखनऊ की साक्षी तिवारी ने आगरा की पहल गुप्ता को, आगरा की अंकिशा मिश्रा ने आगरा की इनाया फातिमा को, प्रयागराज की अंशिका गुप्ता ने आगरा की श्रेया को हराकर अगले राउंड मे प्रवेश किया।

युवा बालक अंडर 19 वर्ग में तृतीय राउंड मे प्रयागराज के आर्यन कुमार ने आगरा के वेद यादव को, कानपुर के चित्रांश शाक्य ने गौतमबुद्धनगर के युवान पांडे को, प्रयागराज के अंकित पाल ने लखनऊ के शौर्य गोयल को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई।

जूनियर बालिका अंडर 17 वर्ग मे द्वितीय राउंड मे गाजियाबाद की याशिका तिवारी ने जिया को, प्रयागराज की इशिता रावत ने अलंकृति अग्रवाल को, गौतमबुद्धनगर की सारा ढींगरा ने लखनऊ की अमाया सिंह को हराकर अगले राउंड मे प्रवेश किया।